# Daily Current Affairs

Date : 31 March, 2026

CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | ओजस्व गजराज ने जीता रजत पदक |
| 2. | आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि |
| 3. | ऑपरेशन वज्र प्रहार |
| 4. | दिलीप सिंह ने अखिल भारतीय पुलिस टेनिस में सिल्वर मेडल जीता |
| 5. | विश्व व्यापार संगठन (WTO) |
| 6. | भारत में मातृ मृत्यु दर |
| 7. | E-3 सेंट्री |
| 8. | IONS (हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी) |
| 9. | रेड-क्राउन्ड रूफ्ड कछुआ |
| 10. | पीएम ई-ड्राइव (PM E-DRIVE) योजना |
| 11. | अर्थ ऑवर |
| 12. | आर्टेमिस 2 मिशन |
| 13. | ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2026 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## ओजस्व गजराज ने जीता रजत पदक

### चर्चा में क्यों?

- स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से केरलम के तिरूवनंतपुरम में आयोजित खेलो इंडिया कलारीपेयट्टू चैम्पियनशिप में जयपुर के ओजस्व गजराज ने रजत पदक हासिल किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **समय व स्थान –** 27 से 29 मार्च, 2026 तिरूवनंतपुरम (केरलम) 24 राज्य, 450+ खिलाड़ी।
- **वर्ग –** जूनियर बॉयज वर्ग की चुवाडुगल स्पर्धा।
- ओजस्व ने 2025 में भी गया (बिहार) में आयोजित खेलों इंडिया युथ गेम्स में रजत पदक जीता था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार ने 1 लाख 22 हजार आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को यूनिफॉर्म के लिए प्रति व्यक्ति 1-1 हजार रुपये की डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चैक सौंपे।




## मुख्य बिन्दु:

- सरकार ने आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड डे मील, कुक कम हेल्पर सहित समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है जो 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो जाएगी।
- आँगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्य।
- भविष्य में नि:शुल्क आँखों की जांच और चश्मा उपलब्ध।
- **मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान:** राज्य सरकार द्वारा 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों के लिए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता स्थानीय विकास के लिए इसमें सुझाव देंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ऑपरेशन वज्र प्रहार

## चर्चा में क्यों?

- ड्रग्स और मादक पदार्थों की रोकथाम, तस्करी पर नियंत्रण और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान ऑपरेशन वज्र प्रहार चलाया जा रहा है, जिसमें अपराधियों पर कड़ा प्रहार कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।



## मुख्य बिन्दु:

- जब्त ड्रग्स और मादक पदार्थ नष्ट करने का राज्य स्तरीय अभियान – 1 से 30 अप्रैल, 2026 तक।
- तस्करी में उपयोग वाहनों का निस्तारण।
- गैर-कानूनी खेती करने वालों को जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित करना।
- स्कूल, कॉलेज, सामाजिक न्याय विभागों में जन जागरूकता अभियान।
- MANAS (मादक पदार्थ निषेध आसूचना केन्द्र) हेल्पलाइन 1933 का प्रचार और सजगता परीक्षण।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# दिलीप सिंह ने अखिल भारतीय पुलिस टेनिस में सिल्वर मेडल जीता

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान के पुलिस दूरसंचार, जोधपुर रेंज में तैनात उप अधीक्षक पुलिस दिलीप सिंह ने 26वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2025-26 में सिल्वर मेडल हासिल किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **समय व स्थान:** 24-28 मार्च, 2026, आर.के. खन्ना स्टेडियम, नई दिल्ली।
- **आयोजक:** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी)।
- **वर्ग:** ओपन डबल्स इवेंट।
- इससे पूर्व वे राजस्थान राज्य सिविल सेवा के अंतर्गत आयोजित 10वीं (2024-25) एवं 11वीं (2025-26) सी. एस. चैलेंजर कप टेनिस प्रतियोगिता में भी विजेता रहे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## विश्व व्यापार संगठन (WTO)

### चर्चा में क्यों?

- विश्व व्यापार संगठन का 14वाँ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC14) कैमरून के याउंडे में संपन्न हुआ।




### मुख्य बिन्दु:

- मंत्रिस्तरीय सम्मेलन WTO में सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है। यह सम्मेलन वैश्विक व्यापार नियमों पर निर्णय लेने के लिए प्रत्येक दो वर्षों में आयोजित होता है।

#### MC14 में लिए गए प्रमुख निर्णय

- **लघु अर्थव्यवस्थाओं का एकीकरण:** सदस्य देशों के प्रतिनिधि मंत्रियों ने लघु अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापार प्रणाली में बेहतर तरीके से एकीकृत करने पर सहमति जताई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विशेष एवं विभेदक व्यवहार (Special & Differential Treatment: S&DT) सिद्धांत को मजबूत करना:** सैनिटरी और फाइटो-सैनिटरी (SPS) उपायों तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं पर समझौतों में S&DT के प्रावधानों के कार्यान्वयन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।
- व्यापार में तकनीकी बाधाओं (TBT) पर समझौते का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि तकनीकी विनियम, मानक और अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रियाएँ भेदभावपूर्ण न हों और व्यापार में अनावश्यक बाधाएँ उत्पन्न न करें।
- **मात्स्यिकी सब्सिडी पर समझौता वार्ता:** सदस्य देशों के मंत्रियों ने मात्स्यिकी सब्सिडी पर व्यापक नियम तैयार करने के लिए 15वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC15) तक वार्ता जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# समाजशास्त्र

## भारत में मातृ मृत्यु दर

### चर्चा में क्यों?

- लैंसेट की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व में सर्वाधिक मातृ मृत्यु दर वाले देशों में शामिल है।



### मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2023 में वैश्विक स्तर पर हुई 2.4 लाख मातृ मृत्युओं में से लगभग 24,700 मामले भारत में दर्ज किए गए।

#### मातृ मृत्यु (Maternal Mortality)

- **आशय:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मातृ मृत्यु वह है, जिसमें किसी महिला की मृत्यु गर्भावस्था के दौरान या गर्भ-समाप्ति के 42 दिनों के भीतर होती है, चाहे गर्भ की अवधि या स्थान कुछ भी हो, बशर्ते मृत्यु का कारण गर्भावस्था या उससे संबंधित देखभाल/प्रबंधन हो; इसमें दुर्घटना या आकस्मिक कारणों से हुई मृत्यु शामिल नहीं होती।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मातृ-मृत्यु अनुपात (MMR):** यह मातृ-मृत्यु मापने का प्रमुख संकेतक है। इसे एक निश्चित अवधि के दौरान प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर होने वाली मातृ मृत्यु की संख्या के रूप में परिभाषित किया गया है।
- सतत विकास लक्ष्य (SDG) 3.1 का लक्ष्य वैश्विक मातृ-मृत्यु अनुपात को प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम करना है।

### भारत में उच्च मातृ मृत्यु के प्रमुख कारण

- चिकित्सीय कारण
- सांस्कृतिक और सामाजिक कारक
- स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में कमी

### भारत में मातृ मृत्यु दर कम करने के उपाय

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP) 2017 के लक्ष्य की प्राप्ति:** भारत ने वर्ष 2020 तक MMR को प्रति 1,00,000 जीवित जन्म पर 100 से कम करने का लक्ष्य हासिल किया।
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन:** इसके अंतर्गत प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल, किशोर स्वास्थ्य और पोषण रणनीति शामिल है। इसके अंतर्गत संचालित प्रमुख कार्यक्रम हैं:
- **जननी सुरक्षा योजना (JSY):** इसके तहत गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में प्रसव कराने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है।
- **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY):** इसका उद्देश्य मातृत्व हितलाभ (नकद सहायता) प्रदान करना है।

### राज्यों के श्रेष्ठ उदाहरण:

- तमिलनाडु की 'आपातकालीन प्रसूति देखभाल' सुविधा।
- मध्य प्रदेश का समुदाय संचालित 'दस्तक अभियान'।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## E-3 सेंट्री




**मुख्य बिन्दु:**

- **हाल ही में ईरान ने अमेरिका के E-3 सेंट्री विमान को नष्ट कर दिया। यह एक 'हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (AWACS)' विमान है।**
- **AWACS वायु रक्षा के लिए एक मोबाइल, लंबी दूरी का रडार निगरानी और नियंत्रण केंद्र है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# IONS (हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी)

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय नौसेना ने कोच्चि में IONS समुद्री अभ्यास (IMEX) टेबलटॉप एक्सरसाइज (TTX) 2026 की मेजबानी की।




## मुख्य बिन्दु:

**IONS:**

- IONS एक स्वैच्छिक पहल है, जो हिंद महासागर क्षेत्र के तटवर्ती देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने का प्रयास करती है।
- **अध्यक्षता:** IONS की अध्यक्षता सदस्यों के बीच रोटेशन के आधार पर और आम सहमति से चुनी जाती है।
- भारत ने 2026 में IONS की अध्यक्षता ग्रहण की है।
- **सदस्य:** हिंद महासागर के तटवर्ती देश, या कोई अन्य देश जिसका क्षेत्र हिंद महासागर में है, सदस्य बन सकता है।
- वर्तमान में इसके भारत सहित 25 सदस्य हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## रेड-क्राउन्ड रूफ्ड कछुआ

**चर्चा में क्यों?**

- वयस्कों और अंडों के अत्यधिक शिकार के कारण रेड-क्राउन्ड रूफ्ड कछुए की संख्या और पर्यावास में भारी गिरावट आई है।




**मुख्य बिन्दु:**

**रेड-क्राउन्ड रूफ्ड टर्टल (बटागुर कचुगा):**

- यह नदी में पाया जाने वाला एक विशाल कछुआ है, जो कभी भारत, नेपाल और बांग्लादेश में पाया जाता था।
- वर्तमान में यह केवल गंगा नदी बेसिन में पाया जाता है। विशेष रूप से यह चंबल नदी बेसिन में मिलता है।

**संरक्षण की स्थिति:**

- **IUCN रेड लिस्ट:** क्रिटिकली एंडेंजर्ड।
- **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972:** अनुसूची-1
- **CITES:** परिशिष्ट-1


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पीएम ई-ड्राइव (PM E-DRIVE) योजना

## चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी बढ़ा दी है।




## मुख्य बिन्दु:

### पीएम ई-ड्राइव योजना:

- **प्रारंभ:** 2024
- **उद्देश्य:** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाना और चार्जिंग अवसंरचना स्थापित करना। साथ ही, देश में मजबूत ईवी विनिर्माण प्रणाली का निर्माण करना।

### प्रमुख घटक:

- **सब्सिडी:** इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया, एम्बुलेंस, ट्रकों और अन्य नई श्रेणियों के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन।
- **पूंजीगत परिसंपत्ति निर्माण के लिए अनुदान:** ई-बसों की खरीद और चार्जिंग स्टेशनों के व्यापक नेटवर्क की स्थापना और टेस्टिंग सुविधाओं के लिए वित्तपोषण।
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अर्थ ऑवर

## चर्चा में क्यों?

- WWF इंडिया ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के सहयोग से अर्थ ऑवर मनाया। इस वर्ष अर्थ ऑवर की 20वीं वर्षगांठ मनाई गई।




## मुख्य बिन्दु:

### अर्थ ऑवर:

- **शुरुआत:** इसकी शुरुआत 2007 में ऑस्ट्रेलिया में हुई थी। अब यह पर्यावरण के लिए विश्व का सबसे बड़ा जमीनी आंदोलन बन गया है। यह अभियान विश्व के 190 से अधिक देशों के लोगों को एकजुट करता है।
- **प्रमुख विशेषता:** यह दिवस पृथ्वी ग्रह के संरक्षण में प्रतीकात्मक रूप से लाइट्स ऑफ के लिए जाना जाता है।
- **पहल:** यह वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) की एक पहल है।
- **आयोजन:** प्रतिवर्ष मार्च के अंतिम शनिवार को रात 8.30 बजे से 9.30 बजे तक।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## आर्टेमिस 2 मिशन

### चर्चा में क्यों?

- नासा आर्टेमिस II मिशन लॉन्च करने जा रहा है।




### मुख्य बिन्दु:

**आर्टेमिस II**

- आर्टेमिस II नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम का हिस्सा है।
- इस मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की परिक्रमा करने के लिए भेजा जाएगा।
- आर्टेमिस II चंद्रमा पर दीर्घकालिक मानव उपस्थिति स्थापित करने के व्यापक प्रयास का एक हिस्सा है।
- यह मिशन चंद्रमा को केवल एक गंतव्य के रूप में नहीं, बल्कि गहन अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक मंच के रूप में देखता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2026

### चर्चा में क्यों?

- यूनेस्को के अनुसार, विश्व-भर में स्कूल जाने की उम्र के 6 में से 1 बच्चा शिक्षा से वंचित है।




### मुख्य बिन्दु:

- यह डेटा यूनेस्को की 'ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2026: एक्सेस एंड इक्विटी, काउंटडाउन टू 2030' पर आधारित है।
- रिपोर्ट के अनुसार, तीन में से केवल दो विद्यार्थी ही माध्यमिक शिक्षा पूरी कर पाते हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## शिक्षा तक पहुंच और समानता सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख सिफारिशें

### प्रणालीगत स्तर पर सुधार:

- **विधिक प्रावधान:** 'शिक्षा का अधिकार' को विधिक मान्यता देने की आवश्यकता है। अनिवार्य स्कूली शिक्षा पर कानून बनाना चाहिए तथा शुल्क समाप्ति की संभावना पर विचार करना चाहिए।
- **उदाहरण:** भारत का शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE), 2009।
- **सरकार द्वारा वित्तपोषण:** डेनमार्क ने ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाई, जिसमें निर्णय लेने की शक्ति स्थानीय स्तर पर है, कुछ सेवाएँ निजी क्षेत्र को सौंपी गई हैं, लेकिन उनका खर्च सरकार वहन करती है। इसका उद्देश्य असमानता को बढ़ने से रोकना है।

### माँग पक्ष के स्तर पर सुधार:

- **नकद अंतरण:** ग्रामीण कर्नाटक में प्री-स्कूल शुल्क को शामिल करने वाली छात्रवृत्तियों की वजह से शिक्षा में भागीदारी में 20% की वृद्धि दर्ज की गई।
- **अन्य सुधार:** स्कूल में अध्ययन सामग्रियाँ, पोशाक, बैग इत्यादि उपलब्ध कराना; बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और पोषण स्थिति सुनिश्चित करना, आदि।

### आपूर्ति पक्ष के स्तर पर सुधार:

- **सार्वजनिक अवसंरचना में सुधार:** सरकारी प्री-स्कूलों में सीटों की संख्या बढ़ाने तथा माता-पिता की महंगे निजी स्कूलों पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूली अवसंरचना विकास पर जोर देना चाहिए।
- **मुक्त और दूरस्थ शिक्षा:** विश्व के सबसे बड़े मुक्त विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन ने उच्च शिक्षा के प्रसार में वृद्धि की है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR